अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार
(हज भवन कोचिंग एवं मार्गदर्शन कोषांग, पटना)

बिहार लोक सेवा आयोग की 72वीं संयुक्त (प्रारम्भिक एवं मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु

नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार की राज्य अल्पसंख्यक कोचिंग योजनान्तर्गत नोडल एजेन्सी मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में हज भवन, पटना में बिहार लोक सेवा आयोग की 72वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की निःशुल्क आवासीय कोचिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों से (बौद्ध, सिख, पारसी, ईसाई, मुस्लिम एवं जैन) ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार राज्य हज समिति के वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर दिनांक 25.05.2026 से 04.06.2026 तक ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं। इच्छुक आवेदकों में जो पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग/बिहार लोक सेवा आयोग एवं अन्य राज्यों की लोक सेवा आयोग/बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग इत्यादि के साक्षात्कार अथवा मुख्य परीक्षाओं में से किसी में भी सफल हुए हैं उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं स्तर बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं स्तर के ही अनुरूप होगा। प्रारम्भिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार की तैयारी एवं अभ्यास भी समेकित रूप से कराये जाने की योजना है परन्तु प्रारम्भिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर मुख्य परीक्षा की कोचिंग हेतु अनुमति नही रहेगी तथा ऐसी परिस्थिति में प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की सीधे मुख्य परीक्षा की कोचिंग हेतु प्रवेश दिया जा सकेगा।

72वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा, मुख्य परीक्षा एंव साक्षात्कार की तैयारी हेतु पूरे बिहार राज्य में लगभग 9 महीने की अवधि कि यह अद्वितीय नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम है जहाँ एक ही स्थान पर उपलब्ध है :-

(1) देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के योग्य शिक्षकों द्वारा वर्ग संचालन एवं निश्चित समय सीमा के अन्दर पाठ्यक्रम का समापन (2) सामान्य अध्ययन एंव निबंध विषय पर नई परीक्षा नीति के अनुरूप वर्ग संचालन तथा आवश्यक पाठ्य सामग्री का निःशुल्क वितरण (3) वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा अपने अनुभव के आधार पर नियमित मार्गदर्शन (4) सुसज्जित 24 घंटे पुस्तकालय सुविधा, देश के प्रतिष्ठित संस्थानों की पाठ्य सामग्री तथा पत्र पत्रिकाओं के अतिरिक्त विशेषज्ञों द्वारा संकलित विषयवार विशेष अध्ययन सामग्री (5) इन्टरनेट, ऑनलाईन अध्ययन एवं समूह चर्चा की सुविधा (6) महिला उम्मीदवारों के लिए महिला वार्डेन एवं महिला कर्मियों की निगरानी में आवासन एवं अध्ययन की विशेष व्यवस्था (7) विषयवार टेस्ट सीरीज का आयोजन तथा मूल्यांकन (8) एक अनोखा शांतिपूर्ण स्टडी सर्किल एवं प्रतियोगी वातावरण (9) पूर्व के बैच के सफल छात्रों के साथ नियमित संवाद (10) कमजोर छात्र/छात्राओं की क्षमता में वृद्धि एवं उत्साहवर्धन हेतु सतत मूल्यांकन की विशेष व्यवस्था।

ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि –25.05.2026 से 04.06.2026 के अपराहन 06:00 बजे तक

प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि – 05.06.2026 से 06.06.2026 तक

प्रवेश परीक्षा की तिथि –07.06.2026,

प्रवेश परीक्षाफल की घोषणा –10.06.2026 अपराहन 04:00 बजे

नामांकन प्रक्रिया की तिथि – 13.06.2026

वर्ग संचालन की सम्भावित तिथि –15.06.2026

प्रवेश सम्बंधी अतिरिक्त जानकारी हेतु दूरभाष संख्या–0612–2203315

मोबाईल संख्या–श्री पियुष–7903062552, श्री अतीत–9540423235, सुश्री सुप्रिया–9852185996, श्री गुलाम सरवर–8802023093 श्री फरहान–9097171909, उबैद–7667154880, रय्यान–8210665561 पर सम्पर्क अथवा वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर उपलब्ध सूचना का अवलोकन किया जा सकता है।